C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890


वर्ष - 01 | अंक - 80 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शनिवार, 6 सितम्बर 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

# राठौड ने डोटासरा के रवैये पर जताई नाराजगी, पारीक के अपमान पर उठाया सवाल

## बोले वरिष्ठ नेता को सार्वजनिक नसीहत और अपमान उचित नहीं

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर**

राजस्थान विधानसभा में कोचिंग नियंत्रण बिल को लेकर कांग्रेस में उभरे मतभेद अब राजनीतिक बयानबाजी की जगह ले चुके हैं। वरिष्ठ नेता राजेंद्र पारीक के विधानसभा में दिए गए बयान के बाद प्रदेश की राजनीति में चर्चा छिड़ गई। इस मसले पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के बयान के बाद बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कड़ी प्रतिक्रिया दी।





बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष राठौड़ ने कहा कि डोटासरा पहले अनुशासित और प्रभावशाली नेता माने जाते थे, लेकिन अब उनका रवैया और भाषा स्तर गिर गया है। उन्होंने डोटासरा के आक्रामक व्यवहार और सदन में अनुपस्थिति पर सवाल उठाते हुए इसे लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के लिए हानिकारक बताया।

राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस के भीतर पारीक के बयान पर सार्वजनिक नसीहत और अपमान उचित नहीं है। पारीक एक वरिष्ठ और समझदार नेता हैं, और यदि डोटासरा को उनकी टिप्पणी से असहमति थी, तो इसे पार्टी मंच पर सुलझाना चाहिए था। सार्वजनिक रूप से अपमान करना कांग्रेस की आंतरिक एकता पर सवाल खड़ा करता है।

उन्होंने आगे कहा कि डोटासरा पहले उभरते हुए नेता थे, लेकिन अब उनकी कार्यशैली और नेतृत्व क्षमता में गिरावट दिख रही है। राठौड़ ने कहा अविश्वास प्रस्ताव की घोषणा और सदन से अनुपस्थिति लोकतंत्र के लिए अनुचित है और पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचा सकती है।

राठौड़ ने जोर देते हुए कहा कि इस तरह के व्यवहार से न केवल कांग्रेस की एकजुटता प्रभावित होती है, बल्कि राजनीतिक वातावरण भी तनावपूर्ण बनता है।

# बारिश से कटे गांवों में देर रात तक चला राहत अभियान



**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**


चिकल्या और लोधा झोपड़ा गांवों में लगातार बारिश से संपर्क कटने पर प्रशासन ने देर रात तक राहत कार्य किया। खांसी, जुकाम और बुखार से पीड़ित ग्रामीणों के लिए एसडीएम आस्था शर्मा के निर्देश पर विशेष चिकित्सा टीम भेजी गई।

ब्लॉक मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश गुप्ता के निर्देशन में बनी टीम को एनडीआरएफ, केकड़ी की मदद से नाव के जरिए गांव पहुँचाया गया। टीम ने मौके पर ही मरीजों का उपचार किया और कई ग्रामीणों को राहत मिली।

# तेज रफ्तार रोडवेज बस ने दो युवकों को मारी टक्कर, एक की मौत

**भीलवाड़ा फोकस @ बूंदी**

जिले के देवपुरा इलाके में शुक्रवार को एक तेज रफ्तार रोडवेज बस ने पैदल जा रहे दो युवकों को टक्कर मार दी, जिससे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। हादसा घटना स्थल के नजदीक ही स्थित एक मकान के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया ।




जानकारी के अनुसार बस कोटा से जयपुर की ओर जा रही थी। यात्रियों ने बताया कि बस का ड्राइवर कंडक्टर से तंबाकू मांगते समय वाहन पर नियंत्रण खो बैठा, जिससे दोनों युवक बस की चपेट में आ गए । स्थानीय लोगों ने तुरंत बस को रोककर हादसे की जानकारी पुलिस को दी।

सदर थाना प्रभारी रमेश आर्य ने बताया कि मृतक की पहचान लेखराज गुर्जर (28) पुत्र रमेश चंद्र गुर्जर निवासी अवली रोजड़ी के रूप में हुई है। उसका साथी गंभीर रूप से घायल है और जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस ने ड्राइवर और कंडक्टर को हिरासत में लिया है और बस को थाने में खड़ा कराया है । पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

# अतिवृष्टि प्रभावितों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराएं - एम.पी. मीणा



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

आपदा प्रबंधन एवं राहत विभाग के विशिष्ट सचिव तथा राजस्थान स्टेट बुनकर संघ के प्रबंध निदेशक महावीर प्रसाद मीणा ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने निर्देश दिए कि अतिवृष्टि प्रभावित परिवारों को तुरंत सहायता उपलब्ध कराई जाए और फसल खराबे का सर्वे समय पर पूरा कर मुआवजे के प्रस्ताव शीघ्र भेजे जाएं।

जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने बताया कि जिले में अब तक 50 प्रतिशत गिरदावरी कार्य पूर्ण हो चुका है। मीणा ने आगामी गांव चलो, शहर चलो और सहकारिता सदस्यता अभियान की तैयारियों की भी समीक्षा करते हुए सभी विभागों को प्रभावी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

बैठक में एडीएम ओमप्रकाश मेहरा, एडीएम सिटी प्रतिभा देवटिया, नगर विकास न्यास सचिव ललित गोयल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक के बाद मीणा, जिला कलेक्टर संधू और मांडल विधायक उदयलाल भडाणा ने मेजा बांध का निरीक्षण किया। इस दौरान पानी की आवक की जानकारी ली गई और पौधारोपण भी किया गया।

# भारी वर्षा से चेतावनी के बाद आज स्कूलों में अवकाश घोषित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देश पर शनिवार को जिले के सभी राजकीय एवं निजी विद्यालयों में अवकाश घोषित किया गया है।

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अरुणा गारु ने बताया कि बारिश की




चेतावनी के चलते जिला प्रशासन के निर्देश पर सभी विद्यालयों में अवकाश घोषित किया गया है । अवकाश केवल विद्यार्थियों के लिए रहेगा, जबकि विद्यालय का समस्त स्टाफ अपनी उपस्थिति यथावत दर्ज कराएगा।

# 12 वर्षीय बालिका की इलाज के दौरान मौत, परिजनों ने चिकित्सकीय लापरवाही का लगाया आरोप





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

महात्मा गांधी चिकित्सालय के मातृ एवं शिशु इकाई में शुक्रवार को इलाज के लिए आई 12 वर्षीय बालिका की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि चिकित्सकीय लापरवाही के कारण और इलाज के दौरान दिए गए इंजेक्शन के बाद बालिका की मृत्यु हुई। घटना के बाद मृतका के भाई और परिवारजन अस्पताल मुख्यद्वार पर आक्रोशित हो गए और कार्रवाई की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन करने लगे। दरीबा निवासी नारायण पुत्र लादूलाल कुमावत ने बताया कि उसकी 12 साल की बहन लाली को हल्की खांसी और गले में परेशानी थी। उसे जनरल वार्ड में भर्ती किया गया था और बाद में पीआईसीयू में स्थानांतरित किया गया। जहाँ अस्पताल स्टाफ ने पर्याप्त ध्यान नहीं दिया, जिससे बालिका की स्थिति और बिगड़ गई और इंजेक्शन लगाने के कुछ देर बाद ही मौत हो गई ।जिससे परिजन नाराज हो गए और अस्पताल में हंगामा करने लगे ।

सूचना पर पुलिस और मेडिकल स्टाफ की समझाइश के बाद कार्रवाई के आश्वासन के साथ प्रदर्शन समाप्त किया गया। पुलिस ने बच्ची के शव का पोस्टमॉर्टम करवा परिजनों को सुपुर्द किया। मामले की जांच की जा रही है ।

'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.- 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

# कोठारी नदी उफान पर आवागमन बाधित, सवाईपुर-कोटड़ी मार्ग रहा बंद



**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

( सांवर वैष्णव ):- कस्बे सहित क्षेत्र में हो रही रुक-रुककर बारिश के चलते क्षेत्र की प्रमुख कोठारी नदी उफान पर आ गई, जिससे कई गांवों का उपखंड मुख्यालय से संपर्क कट गया, बारिश से क्षेत्र के जलाशयों में भी पानी की आवक हुई । बारिश के चलते गुरुवार मध्य रात्रि से ही कोठारी नदी उफान पर चल रही पुलिया पर पानी बहने लगा, शुक्रवार शाम तक भी सवाईपुर कोटड़ी मार्ग पर कोठारी नदी की पुलिया पर करीब पौने फिट पानी चल रहा था । सवाईपुर चौकी पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से पुलिया पर पेड़ लगाकर रास्ता बंद कर दिया, लेकिन फिर भी दुपहिया वाहन चालक व पैदल राहगीरी अपनी जान को जोखिम में डालकर नदी की पुलिया पार करते हुए देखे गए।

# मोही गांव में कीचड़ से बेहाल ग्रामीण, बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित





**भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद**

नगर पालिका क्षेत्र के मोही गांव में लंबे समय से कीचड़ की समस्या बनी हुई है। हाल ही में जलझूलनी ग्यारस पर श्री चारभुजानाथ मंदिर का बेवान भी कीचड़ से होकर निकाला गया, जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी हुई। गांव के मुख्य मार्ग पर गंदगी और कीचड़ जमने से रोजमर्रा की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। सबसे अधिक दिक्कत आंगनवाड़ी केंद्र और विद्यालय जाने वाले छोटे बच्चों को उठानी पड़ रही है। कीचड़ से होकर स्कूल पहुंचना उनके लिए रोज का संघर्ष बन गया है। ग्रामीणों ने बताया कि समस्या के समाधान के लिए कई बार शिकायतें की जा चुकी हैं। एसडीएम मांडलगढ़ और विधायक मांडलगढ़ को ज्ञापन भी सौंपा गया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। गांव वालों का कहना है कि वर्षों से इस रास्ते के निस्तारण की घोषणाएं होती आ रही हैं, मगर जमीनी स्तर पर हालात जस के तस बने हुए हैं। ग्रामीण प्रभु गुर्जर, श्री राम गुर्जर ,दलपत सिंह चुंडावत ,शिवनारायण सुथार, भगवान लाल भील, बर्मा गुर्जर, सुरेश गुर्जर, रघुवीर सिंह चुंडावत, सौदान गुर्जर, भेरू नाथ योगी, विद्यालय विद्यार्थी देवराज गुर्जर, बद्री गुर्जर, देवकिशन गुर्जर, सानू गुर्जर ने कीचड़ से राहत दिलाने की मांग की है ।

# अडिमल जी का खेड़ा से देवा की झोपड़िया तक 2 किमी सड़क स्वीकृत

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़**



टिटोड़ा जागीर ग्राम पंचायत क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्र में अडिमल जी का खेड़ा से देवा की झोपड़िया तक लगभग 2 किमी लंबी सड़क स्वीकृत हो गई है।

जानकारी के अनुसार डीएमएफटी भीलवाड़ा की गवर्निंग काउंसलिंग की बारहवीं बैठक में जहाजपुर विधानसभा क्षेत्र में 7 सड़को की प्रशासनिक स्वीकृति जारी हुई इसी के तहत अडिमल जी का खेड़ा से देवा की झोपड़िया की सड़क की स्वीकृति मिली

ग्रामीणों ने विधायक गोपीचंद मीना का आभार जताते हुए कहा कि इस सड़क के बनने से आमजन को आवागमन में सहूलियत मिलेगी। विशेषकर बच्चों को विद्यालय आने-जाने में हो रही परेशानी अब समाप्त हो जाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से यह मांग उठ रही थी, अब सड़क बनने से बारिश में कीचड़ और फिसलन से होने वाली दिक्कतें भी खत्म होंगी।

# मेडिकल कॉलेज परिसर में 2000 पेड़ लगाने का लक्ष्य, विधायक कोठारी ने किया वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

शिक्षक दिवस के अवसर पर राजमाता विजयराजे सिंधिया मेडिकल कॉलेज परिसर में वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत हुई। इस अभियान के तहत 2000 पेड़ लगाए जाएंगे। कार्यक्रम का आयोजन मुस्कान फाउंडेशन और कृष्णा जिनिंग एंड कॉटन फैक्ट्री के सहयोग से किया गया।



वृक्षारोपण का शुभारंभ करते हुए विधायक अशोक कोठारी ने कहा कि वृक्ष प्रकृति का अनुपम उपहार हैं, जो जीवनभर हमें देते रहते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ÷एक पेड़ मां के नाम पहल की सराहना करते हुए कहा कि जैसे मां जीवन में अहम होती है, वैसे ही वृक्ष भी हमारे अस्तित्व का अभिन्न हिस्सा हैं।

कोठारी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा इस वर्ष 11 करोड़ वृक्षारोपण का लक्ष्य पूरा किए जाने पर आभार व्यक्त किया और जनता से अपील की कि मानसून समाप्त होने से पहले अधिक से अधिक पौधे लगाएं। कार्यक्रम में मुस्कान फाउंडेशन व कृष्णा जिनिंग के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।

# शिक्षक दिवस पर प्रतिभावान शिक्षकों का हुआ सम्मान



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

शिक्षक दिवस के अवसर पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजेंद्र मार्ग, में जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में विधायक अशोक कोठारी मुख्य अतिथि रहे, जबकि शिक्षाविद् डॉ. शंकरलाल माली ने अध्यक्षता की।

समारोह का शुभारंभ माँ शारदे के दीप प्रज्वलन और सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अरुणा गारू ने स्वागत उद्बोधन दिया। इस अवसर पर उत्कृष्ट शैक्षिक कार्य हेतु व्याख्याता किशनलाल खटीक राउमावि मोखुन्दा, रायपुर और अध्यापिका मोमचनी राउप्रावि अजीतपुरा, आसींद को जिला स्तरीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रामेश्वरलाल जीनगर, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने किया और धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर डॉ. कल्पना शर्मा एडीपीसी, समग्र शिक्षा, राजेंद्र कुमार गग्गड़ जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक, रामेश्वरलाल बाल्दी जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक, महेश कुमार व्यास मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बनेड़ा और कैलाश सुथार अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

# बैंकर्स क्लब की बैठक में साइबर क्राइम से बचाव पर जोर, नई कार्यकारिणी घोषित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



**पंकज पोरवाल।** बैंकर्स क्लब की मानसून सत्र की पहली बैठक बैंक ऑफ बड़ौदा क्षेत्रीय कार्यालय में उप महाप्रबंधक राजेश भाकर की अध्यक्षता में हुई। संरक्षक डॉ. आरसी लोढ़ा ने स्वागत करते हुए बैंकिंग क्षेत्र में हो रहे बदलावों पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता अजय दुग्गल राजस्थान ग्रामीण बैंक ने साइबर क्राइम से बचाव पर कहा कि फ्री ऑफर और अनजान एप से बचना चाहिए। मुख्य अतिथि दीपेंद्र कुमार एसबीआई ने बैंकिंग कार्यशैली में समयानुकूल बदलाव की जरूरत बताई। बैठक में ग्राहक सेवा पर जोर देते हुए आरसी गग्गड ने व्यवहारिकता अपनाने की बात कही। सचिव लक्ष्मी लाल गांधी ने बताया कि यह देश का एकमात्र पंजीकृत बैंकर्स क्लब है, जो बैंकों में प्रतिस्पर्धा भुलाकर सामंजस्य और सामाजिक हितों को प्राथमिकता देता है। बैठक में नव नियुक्त कार्यकारिणी घोषित की गई, जिसमें राजेश भाकर को अध्यक्ष, दीपेंद्र कुमार, अजय दुग्गल और हेमेंद्र जैन को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। कई बैंकों के प्रतिनिधियों को कार्यकारिणी में शामिल किया गया। अंत में आभार डॉ. धर्मेंद्र कौशिक ने जताया।

# उत्तम त्याग पर्व पर जैन समाज ने किया पूजन-अभिषेक



**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

दिगंबर जैन समाज के दशलक्षण महापर्व में शुक्रवार को वेदों के मंदिर में उत्तम आंकिचन धर्म की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर श्रावक-श्राविकाओं ने पारंपरिक रीति से शांति धारा, अभिषेक और अष्टद्रव्य अर्पित कर भगवान की आराधना की। पूजा विधान के तहत दश लक्षण, सोलह कारण, नमोकार, सम्मेद शिखर और देव-शास्त्र-गुरु की विशेष आराधना की गई। प्रथम शांति धारा करने का सौभाग्य दांतड़ा वाले राजकुमार, बबलू, प्रकाश, हर्ष, सोगानी परिवार को मिला, वहीं द्वितीय शांति धारा नेमीचंद, अनिल कुमार, शिवम और सम्यक कटारिया परिवार ने की। इस मौके पर पीयूष गदिया, महावीर सोगानी, प्रभा चन्द्र, राजू मोदी, शारदा सोगानी, भंवरी देवी, ज्योति, इन्दु गदिया, नीलम, रेणु कटारिया, वर्षा, अंजना मोदी, लाड़ देवी, पंकज पाटनी और ओम प्रकाश सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



## QUICK BITES

### आलमास में कुमावत समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह और आम सभा आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



झरनेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में कुमावत समाज सेवा संस्थान की ओर से आम सभा व प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित हुआ। इस अवसर पर श्री सावरिया सेठ मंदिर के जीर्णोद्धार का उपलक्ष्य भी मनाया गया।
कार्यक्रम में 300 से अधिक प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। विशेष रूप से शगुन कुमावत को 12वीं कक्षा में 99.6% अंक लाकर ऑल इंडिया में द्वितीय स्थान हासिल करने पर सम्मानित किया गया।
सभा में सामाजिक विकास हेतु 30 लाख रुपये से अधिक की राशि एकत्रित की गई। समारोह में सरपंच, पदाधिकारी व समाजजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### 69वीं जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ

भीलवाड़ा फोकस @ गुरला



नेशनल हाईवे 758 स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, में शुक्रवार को 14 वर्षीय छात्र-छात्राओं की 69वीं जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। चार दिवसीय इस प्रतियोगिता में जिलेभर की 51 टीमें भाग ले रही हैं।
शुभारंभ अवसर पर रूपलाल जाट मुख्य अतिथि रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक रामेश्वर लाल बाल्दी ने की। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य चंद्र मोहन मीणा, स्टाफ व ग्रामवासियों ने अतिथियों का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया।


भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

“भीलवाड़ा फोकस” को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com


# महुआ शाखा में वित्तीय साक्षरता कैंप आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ महुआ

केंद्रीय सहकारी बैंक भीलवाड़ा की महुआ शाखा की ओर से दुग्ध उत्पादक समितियों एवं ग्राम सेवा सहकारी समितियों के पदाधिकारियों व सदस्यों के लिए शुक्रवार को वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित किया गया।
शाखा प्रबंधक विनीत माहेश्वरी ने प्रतिभागियों को बचत एवं मियादी जमाओं के लाभ, खाता खोलने की प्रक्रिया तथा माइक्रो एटीएम सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नियमित बचत, समय पर ऋण चुकौती एवं डिजिटल लेन-देन को अपनाने से ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी।



माहेश्वरी ने बताया कि माइक्रो एटीएम के माध्यम से सहकारी समितियों से जुड़े ग्रामीण एवं गोपालक नकद निकासी, बैलेंस जांच एवं अन्य लेन-देन समिति स्तर पर ही कर सकते हैं। इससे बार-बार बैंक शाखा तक आने की आवश्यकता नहीं रहेगी और समय व संसाधन दोनों की बचत होगी। शिविर में बड़ी संख्या में समितियों के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

# जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिताः दूसरे दिन खेले गए 16 मुकाबले

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला

(जसवंत पारीक)। कस्बा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित 69वीं जिला स्तरीय 17 वर्ष छात्र वॉलीबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन सेकंड राउंड में कुल 16 मैच खेले गए।
मॉडल स्कूल शाहपुरा ने जीएसएस खारी का लंबा को हराया, नोबल इंटरनेशनल स्कूल भीलवाड़ा ने मॉडल स्कूल मांडलगढ़ को मात दी, जबकि पालड़ी ने खेड़लिया और स्टीवर्ल्ड्स मारिस स्कूल ने लॉर्ड कान्वेंट स्कूल को हराया। बिजोलिया ने ग्रीन वैली पर जीत दर्ज की और राजेंद्र मार्ग स्कूल भीलवाड़ा ने मॉडल स्कूल कोटड़ी को हराकर अगले दौर में जगह बनाई।



अन्य मैचों में जीएसएस शाहपुरा ने रघुनाथपुरा, गुलाबपुरा ने बबराना, बलदरखा ने भगवानपुरा, सांगानेर ने बोरियापुरा, सेंट्रल अकैडमी भीलवाड़ा ने जहाजपुर, बलदरखा ने थडोदा व बुंदिया, शाहपुरा ने पासल तथा खारी का लंबा ने सुरास को पराजित किया।
शारीरिक शिक्षक फारूक पठान ने बताया कि प्रतियोगिता के दूसरे दिन अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी ज्ञानचंद खटीक ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में शनिवार को क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल मुकाबले होंगे, जबकि समापन समारोह रविवार को आयोजित होगा।

# राज्य स्तरीय फाइनल मैच में खजीना अजमेर टीम ने जयपुर टीम को कबड्डी प्रतियोगिता में 35 अंको से हराया

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला

जसवंत पारीक । संस्कृत शिक्षा विभागीय 19 वर्षीय छात्र राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता कालाडेरा जयपुर में आयोजित हुई ।जिसमें फाइनल मैच अजमेर खजीना वर्सेज जयपुर संभाग के बीच हुआ । जिसमें अजमेर टीम ने जयपुर टीम को 61- 26 में पैंतीस अंको के अंतर से पराजित कर अजमेर टीम विजेता रही ।राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय खजीना भीलवाड़ा के प्रधानाचार्य भवानी शंकर शर्मा और समस्त स्टॉफ के अनुभवी निर्देशन एवं समस्त टीम प्रभारी अमर सिंह चौधरी के प्रयासों से अजमेर संभाग की कबड्डी टीम को राज्य स्तर पर विजेता का खिताब मिला । प्रतियोगिता में खजीना से कन्हैयालाल जाट और सोनू जाट का सामान्य शिक्षा के राज्य स्तर पर चयन हुआ । ग्रामीणों ने खिलाड़ी एवं टीम प्रभारी को बधाई दी।



# शिक्षक दिवस पर सवाईपुर विद्यालय के पांच शिक्षक सम्मानित

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

(सांवर वैष्णव) । शिक्षक दिवस पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सवाईपुर के पांच शिक्षकों को जिला स्तरीय सम्मान मिला। इस अवसर पर सत्य प्रकाश भारद्वाज और रेखा शर्मा को पूर्वांचल जन चेतना समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में तथा पदमा सुखवाल, दीपिका वैष्णव और संजू सोमाणी को यूनेस्को एसोसिएशन एवं भारतीय जैन संगठन, भीलवाड़ा के समारोह में सम्मानित किया गया।
प्रधानाचार्या डॉ. प्रतिष्ठा ठाकुर ने बताया कि इन सम्मानों से विद्यालय एवं सवाईपुर गांव गौरवान्वित हुआ है। उन्होंने सभी शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि शिक्षकों की मेहनत और सकारात्मक कार्यशैली का परिणाम है।



# भीलवाड़ा में होगी महिला जूडो सीटी लीग प्रतियोगिता

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

भारतीय जूडो महासंघ व खेलो इंडिया के तत्वावधान में महिला प्रतिभाओं के विकास और उनके आत्मरक्षा कौशल को सशक्त बनाने के उद्देश्य से अस्मिता महिला जूडो सीटी लीग प्रतियोगिता का आयोजन भीलवाड़ा में किया जाएगा। यह प्रतियोगिता राजस्थान जूडो संघ के निर्देशानुसार आयोजित होगी।
जिला जूडो सचिव चेतन चोबे ने बताया कि प्रतियोगिता 8 सितंबर को कोठारी पैलेस, पुर में आयोजित की जाएगी। इसमें सब-जूनियर, कैडेट और सीनियर वर्ग की महिला खिलाड़ी अलग-अलग भार वर्ग में भाग ले सकेंगी। खिलाड़ियों को प्रतियोगिता से एक दिन पहले जूडो सेंटर, पुर में पंजीकरण करवाना होगा। इसके लिए आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र और फोटो अनिवार्य रूप से जमा करवाने होंगे।
जिला जूडो अध्यक्ष गिरीराज चोबे ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य महिला खिलाड़ियों को जूडो खेल के प्रति जागरूक करना और उन्हें आत्मरक्षा एवं आत्मविश्वास के प्रति सशक्त बनाना है।



# शक्करगढ़ क्षेत्र के 138 आंगनबाड़ी केन्द्र जर्जर, विधानसभा में हुई चर्चा

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़**

जहाजपुर क्षेत्र के आंगनबाड़ी केन्द्रों की जर्जर स्थिति को लेकर विधानसभा में शुक्रवार को चर्चा हुई। क्षेत्रीय विधायक गोपीचंद मीणा ने महिला एवं बाल विकास विभाग से सवाल उठाते हुए कहा कि कई केन्द्र बदहाल हालत में हैं, जिससे बच्चों और गर्भवती महिलाओं को मिलने वाली सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। इस पर जवाब देते हुए उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बताया कि क्षेत्र में कुल 353 आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित हैं। इनमें से 30 केन्द्र जर्जर अवस्था में हैं और 108 केन्द्र मरम्मत योग्य हैं।




उन्होंने कहा कि इनमें से 15 केन्द्रों की मरम्मत स्वीकृत हो चुकी है, जबकि 7 केन्द्रों को आदर्श केन्द्र बनाने की प्रक्रिया चल रही है। उपमुख्यमंत्री ने आगे कहा कि शेष केन्द्रों की मरम्मत और सुधार के लिए सीएसआर फंड, विधायक एवं सांसद निधि तथा मनरेगा के माध्यम से कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि सभी केन्द्रों को जल्द ही बच्चों और माताओं के लिए सुरक्षित और सुविधाजनक बनाया जाएगा।

इस जानकारी पर विधायक गोपीचंद मीणा ने संतोष जताया और कहा कि क्षेत्र के बच्चों और महिलाओं को अब बेहतर सुविधाएं मिलने की उम्मीद जगी है। उन्होंने विभाग से आग्रह किया कि मरम्मत और सुधार कार्य समयबद्ध तरीके से पूरे किए जाएं।

# रबी उल अव्वल का जुलूस धूमधाम से निकला, मरीजों को बांटे फल





**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

रबी उल अव्वल का जुलूस मुस्लिम समाज की ओर से शुक्रवार को बड़े उत्साह और धूमधाम से निकाला गया। बड़ी मस्जिद से प्रारंभ हुआ , जुलूस पंचायत चौक, सब्जी मंडी और मेले वाली गली से होते हुए तेजाजी चौक पहुंचा तथा अंत में कब्रिस्तान स्थित मंसूर अली बाबा की दरगाह पर संपन्न हुआ।

जुलूस में संभल द्वारा मक्का और मदीना की झलक प्रस्तुत करती आकर्षक झांकियां सजाई गई, जिनको देखने के लिए मार्गो पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। समाज के लोगों ने अमन, भाईचारे और मोहम्मद साहब की शिक्षाओं का संदेश देते हुए बड़ी संख्या में भागीदारी निभाई।

इसी अवसर पर उप स्वास्थ्य केंद्र में फल वितरण कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। मरीजों को फल बांटे गए और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की दुआ की गई। कार्यक्रम में ईमाम जाकिर हुसैन, अख्तर भाई ट्रांसपोर्ट वाले, निसार कुरैशी, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्ष इमरान हुसैन, शराफत हुसैन पठान, साबिर पटेल, युसूफ भाई, अकबर शाह, डॉ. अंसार खान सहित पूरा स्टाफ मौजूद रहा।

# दस लक्षण धर्म की पूजा, अनंत चतुर्दशी पर भव्य उत्सव आज

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

दिगंबर जैन समाज के धर्मावलंबियों ने शुक्रवार को दस लक्षण धर्म के अवसर पर उत्तम अकिंचन धर्म की पूजा अर्चना की और अष्ट द्रव्य अर्पित किए। बड़े जैन मंदिर में आयोजित इस कार्यक्रम में धर्मचंद, निर्लेश, नेहा, जीवांश और नैत्रिका काला परिवार ने शांति धारा और अभिषेक का पुण्यार्जन किया।

समूह पूजा में दस लक्षण मंडल विधान, समुच्चय चौबीसी, सोलह कारण, रत्नत्रय और तीर्थकरों की पूजा अर्चना की गई। मंदिर कमेटी ने



बताया कि शनिवार को अनंत चतुर्दशी पर सुबह 7.15 बजे बम्बावदागढ़ से लाई गई भगवान आदीनाथ, पार्श्वनाथ और महावीर की त्रिमूर्ति व नवप्रतिष्ठित भगवान मुनिसुब्रतनाथ की प्रतिमाओं पर 108 रिद्धि मंत्रों के साथ अभिषेक और शांति धारा आयोजित की जाएगी।

दिन में बड़े मंदिर से सकल दिगंबर जैन समाज की अनंत चतुर्दशी पर्व की शोभायात्रा निकाली जाएगी और इसके बाद कलशाभिषेक होंगे। शाम को परंपरागत क्षमावाणी कार्यक्रम संपन्न होगा। इसके अलावा, उत्तम अकिंचन पर्व पर तपोदय तीर्थ, नया मंदिर और सीमंधर जिनालय में भी विशेष धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए।

# आत्मा से परिग्रह का त्याग ही आकिन्चन धर्म - स्वस्तिभूषण माताजी

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर**

श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन अतिशय तीर्थ क्षेत्र स्वस्तिधाम में चल रहे पर्युषण पर्व पर आर्यिकारत्न स्वस्तिभूषण माताजी ससंघ के सानिध्य में धर्म की गहन आराधना हो रही है।

धर्मसभा को संबोधित करते हुए स्वस्तिभूषण माताजी ने कहा कि ÷आत्मा में जितना परिग्रह छूट जाए वही आकिन्चन धर्म है। हर एक्शन का रिएक्शन होता है, इसलिए राग-द्वेष से बचना चाहिए।÷ उन्होंने कहा कि यदि मनुष्य रोज़ कुछ समय चिंतन करे और मोह पर नियंत्रण रखे तो जीवन में सुख और शांति



प्राप्त होती है। शिविर प्रमुख भानु जैन ने बताया कि प्रतिदिन प्रातः ध्यान, अभिषेक-शांतिधारा, पूजन, तत्वार्थसूत्र स्वाध्याय, सायंकाल सामयिक, भक्तामर दीप प्रज्वलन व भगवान मुनिसुव्रतनाथ की भव्य आरती का आयोजन किया जा रहा है।

रात को सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। शिविरार्थी प्रकाश पाटनी ने बताया कि श्रावक संस्कार साधना शिविर में देशभर से करीब 650 शिविरार्थी भाग ले रहे हैं, जिनमें राजस्थान, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, आसाम, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश और बंगाल सहित कई राज्यों से आए श्रद्धालु शामिल हैं।

## QUICK BITES

### महुआ में मुकेश सेठिया ने की दस उपवास साधना

**भीलवाड़ा फोकस @ महुआ।**



दिगंबर जैन समाज महुआ में चल रहे पर्युषण पर्व के अवसर पर समाज अध्यक्ष मुकेश सेठिया ने दस उपवास की कठिन साधना पूरी की। जैन धर्म में दस उपवास साधना अत्यंत कठोर तपस्या मानी जाती है, जिसमें साधक लगातार दस दिनों तक पूर्णतः निर्जल रहकर धर्म-ध्यान में लीन रहते हैं।

सकल दिगंबर जैन समाज महुआ ने सेठिया की इस साधना की अनुमोदना करते हुए उन्हें साधना और आराधना की मंगलकामनाएं दीं।

इस अवसर पर दिगंबर जैन समाज के सुरेश सोनी, राजेश काला, महावीर ठग, समाजसेवी अनिल काला, दिनेश सोनी, कमलेश काला, सुरेश काला और कमलेश अजमेरा सहित कई गणमान्य मौजूद रहे।

### अनंत चतुर्दशी पर शोभायात्रा और वार्षिक कलशाभिषेक आज

**भीलवाड़ा फोकस @ सलावटिया**



(विकास जैन)। चाँद जी की खेड़ी स्थित दिगम्बर जैन मंदिर में चल रहे पर्युषण महापर्व का समापन शनिवार को अनंत चतुर्दशी पर होगा। इस अवसर पर शोभायात्रा एवं वार्षिक कलशाभिषेक का आयोजन होगा।

समाज के वीरेंद्र पहाड़िया ने बताया कि सुबह अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन के बाद दोपहर 2 बजे श्रीजी की शोभायात्रा निकलेगी। शोभायात्रा ग्राम के मुख्य मार्गो से होते हुए पुनः मंदिर पहुंचेगी, जहाँ वार्षिक कलशाभिषेक संपन्न होगा। सायंकाल भक्तामर महाआरती, शास्त्र वाचन एवं क्षमावाणी का आयोजन रहेगा।

शुक्रवार को मंदिर में उत्तम धर्म की आराधना की गई। इस दौरान अभिषेक-शांतिधारा मोतीलाल एवं पिंटू कुमार पाटनी ने की। पूजन में सोलहकरण, दशलक्षण पूजा एवं भक्तामर पूजन किया गया। सायंकाल भक्तामर के 48 दीपों की महाआरती, शास्त्र वाचन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए।

### सुभाष नगर में ईद मिलादुन्नबी का जलसा संपन्न, भाईचारा कमेटी ने खीर वितरित की

**भीलवाड़ा फोकस @भीलवाड़ा।**



इस्लाम धर्म के आखिरी पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब की 1500 वीं जयंती ईद मिलादुन्नबी के मौके पर शुक्रवार सुबह सुभाष नगर में उस्मानिया मस्जिद कमेटी और हुसैनी यंग कमेटी की ओर से अज़ीमुशान जुलूस निकाला गया। सुबह 8 बजे मस्जिद चौक से शुरू हुए जुलूस में इमाम अब्बू जफर सिद्दीकी की सवारी बग्गी पर अग्रिम पंक्ति में रही। बच्चे-बालिकाएं मजहबी नारों और तख्तियों के साथ शामिल हुए। रास्ते भर जुलूस का स्वागत किया गया और मुस्लिम परिवारों ने प्रसाद व तबर्रुक वितरित किया। जुलूस विभिन्न मोहल्लों से होकर पुनः मस्जिद चौक पहुंचा, जहां भाईचारा कमेटी की ओर से सभी धर्मावलंबियों को खीर वितरित की गई। इस मौके पर उस्मानिया कमेटी के संस्थापक अध्यक्ष शहजाद खान, सदर इकबाल खान पठान, सेक्रेटरी अब्दुल लतीफ शेख, खजांची सलामुद्दीन पठान मौजूद रहे। वहीं भाईचारा कमेटी से नाहर खां कायमखानी, फूल मोहम्मद खां, फखरुद्दीन शेख, फौजदार खां सहित हुसैनी यंग कमेटी के शाहरुख पठान, उस्मान पठान, शाहिद खान, सद्दीक खान व अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए।

### जहाजपुर में जश्ने ईद मिलादुन्नबी धूमधाम से मनाया गया

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर**



पैगंबर हज़रत मोहम्मद साहब के जन्मदिवस पर नगर में शुक्रवार को जश्न और श्रद्धा का माहौल बना। सैय्यद अली शाह बाबा के दरगाह से शुरू हुआ जुलूस शहर के प्रमुख मार्गो से होकर नौ चौक तक पंहुचा । जुलूस में बड़ी संख्या में लोग और बच्चे शामिल हुए, जो छोटे झंडे और टोपी लिए उत्साहपूर्वक चल रहे थे। जगह-जगह लोगों ने जुलूस का स्वागत किया। कई स्थानों पर आतिशबाज़ी भी की गई। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन की ओर से कड़े इंतज़ाम किए गए। उपखंड अधिकारी राजकेश मीणा, एडिशनल एसपी राजेश आर्य, पुलिस उपाधीक्षक नरेंद्र पारीक और थानाधिकारी राजकुमार नायक पुलिस बल के साथ जुलूस में मौजूद रहे।


स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।